वैदिक-हरयाणवी कोश

डॉ० जयनारायण कौशिक


चषाल > सुहाल
ऋतु > रुत
किंशुक > केसू
नवनीत > नूणी
> चिड़स

सम्मति

डा० जयनारायण जी कौशिक का वैदिक हरयाणवी शब्दकोश अपने ढंग की एक नई चीज़ है। कोष जगत में विश्व की प्राचीनतम वैदिक भाषा को लेकर सीधे जनसाधारण की आधुनिकतम बोली के साथ मिलान करके दिखाने वाली यह पहली पुस्तक है। यद्यपि शब्द चयन में डा० सूर्यकान्त जी के वैदिक कोष की सहायता ली गई है परन्तु विचारकर देखा जाए तो कौशिक जी ने वास्तव में डा० सूर्यकान्त जी से एक और कदम आगे बढ़कर दिखाया है। साथ ही उनका सुझाव है कि "यदि भारत की सभी ग्रामीण बोलियों की शब्दावली का विश्लेषण इसी प्रकार वैदिक शब्दावली के सन्दर्भ में किया जाए तो ग्रामीण जनता में नया आत्मगौरव जाग्रत होगा।

हम आशा करते हैं कि हमारे देश के हर भाग में से ऐसे नवयुवक आगे आएँगे जो डा० जयनारायण जी के दिखाए हुए मार्ग पर चलकर अपनी अपनी प्रादेशिक भाषा को वैदिक भाषा के साथ जोड़कर दिखा सकेंगे।

स्थाणुदत्त शर्मा
एम० ए०, एम० ओ० एल०
(राष्ट्रपति सम्मानित आचार्य)
भू० पू० अध्यक्ष हस्तलिखित संग्रहालय
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरि०

श्रद्धेय प्रो० सत्यव्रत शास्त्री
को सादर भेंट

महाशिवरात्रि
विक्रम सं० 2061

प्रो० जय नारायण कौशिक
पूर्व निदेशक, हरियाणा साहित्य अकादमी
बी-605, सरस्वती विहार दिल्ली-110034
दूरभाष 27014738, 27028095

वैदिक-हरयाणवी शब्दकोश

डा. जयनारायण कौशिक

संस्कृति चेतना प्रकाशन
ए-२१, सी० सी० कालोनी, दिल्ली ११०००७

© डा० जयनारायण कौशिक
१९८२

प्रथम संस्करण—११०० प्रतियाँ

मूल्य—पंद्रह रुपया

स्वत्वाधिकारी : श्रीमती सुशीला देवी गौड़ के लिए, संस्कृति चेतना प्रकाशन, ए-२१, सी. सी. कालोनी, दिल्ली-११०००७ द्वारा प्रकाशित।

मुद्रक : धर्मप्रैस, १०३ ए, कमला नगर, दिल्ली ११०००७

प्राप्ति स्थान : दिल्ली—सी ९०५, सरस्वती विहार, दिल्ली ११००३४
हरियाणा—२३/७३७, शक्तिनगर, रोहतक, हरियाणा-१२४००१

DR. JAI NARAIN KAUSHIK : VEDIC HARYANAVI SHABDA KOSH

स्नेहमयी माँ का पुण्य स्मृति में

मेरी बाल्यावस्था में ही बकुण्ठवास होने के कारण जिनकी धूमिल-धूमिल आकृति ही नेत्रों के सम्मुख आ पाती है।

चिन्तन

वेद-भूमि हरियाणा युगों से ऋषि-मुनियों तथा चिन्तकों की साधना-स्थली रही है। महाभारत काल तक यह देश की चिन्तन मनन की अजस्र धारा को परिप्लावित करती रही है। कुरुक्षेत्र के निकट ज्योतिसर नामक स्थान पर श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया गीताज्ञान संभवतः इस प्रकाश स्तम्भ से विकीर्ण अन्तिम पुंजीभूत प्रकाश था। ज्ञान का ऐसा प्रकाशपुंज गत पाँच हजार वर्ष व्यतीत हो जाने पर पुनः प्रकट नहीं हो सका।

महाभारत के युद्ध की विनाश लीला के बाद यह सम्भव भी कैसे हो सकता था। उस युद्ध में हमारी अनेक विद्याएँ, कलाएँ और न जाने क्या-क्या काल-कवलित हो गए। भारत की आर्थिक रीढ़ भी मानों टूट गई और शेष बचा द्वेष, वैमनस्य, ईर्ष्या, नित्य प्रति के पारिवारिक कलह, जिनका शमन आज तक नहीं हो पाया।

जाति-पाँति, ऊँच-नीच, अमीर-गरीब आदि के भेदभाव ने जन समाज को और भी जीर्ण-शीर्ण कर दिया किन्तु यहाँ का सहज और सरल भाव का समाज आज भी वैदिक काल की अनेकशः परम्पराएँ जाने-अनजाने में सँजोए हुए है।

विदेशी आक्रमणकारियों ने यहाँ अनेक विनाश किए किन्तु राज-लिप्सा, चाटुकारिता, दरबारी व्यामोह के आकर्षण से रहित यहाँ के सरल निवासी अपनी बोली में वैदिक काल के अनेक जगमग मुक्ता-मणि सँजोए हैं जिनकी आभा अभी भी ज्यों की त्यों है। वैदिक वाङ्मय के अध्येता इस तथ्य को सहज में अनुभव कर सकते हैं। गत समय लेखक को भी इस क्षेत्र में कुछ कार्य करने का अवसर मिला।

वैदिक भाषा के संदर्भ में हरयाणवी से संबंधित किए गए अपने स्वाध्याय से पाठकों को भी सहभागी बनाने के लिए इस कार्य को दो खंडों में विभाजित करके प्रस्तुत किया जा रहा है।

वैदिक-हरयणवी खंड

इस खंड में वैदिक शब्दावली तथा उसके पयार्यवाची हरयाणवी शब्द दिए गए हैं। वैदिक शब्दों के चयन का एकमात्र आधार डा० सूर्यकान्त जी का वैदिक कोश ही है। वैदिक शब्दों का हरयाणवी पर्यायवाची देते समय कुछ बातों का विशेष ध्यान रखा गया है। यथाः—

१. यदि शब्द की ध्वनि और उसका अर्थ आज की हरयाणवी के अत्यन्त निकट या कुछ प्रकारान्तर से भी है तो उसे निःसंकोच लिया गया है। यथा—अमृत-इमरत, ईक्षु-ईख, आल-आल आदि।

२. वैदिक शब्दों के आदि, मध्य तथा अन्त में स्वर, व्यंजन आदि के ह्रास तथा हरयाणवी भाषा के स्वर भक्ति के स्वभाव के कारण मूल शब्द से निर्मित घटत-बढ़त वाले शब्द भी यहाँ सम्मिलित किए गए हैं। जैसे—आषाढ़-साढ, अद्रि-दरी (लोहदरी), आकूति-कूतणा आदि।

३. कोश में ऐसे शब्द भी हैं जो वैदिक काल में विशेष संदर्भ में प्रयुक्त होते थे किन्तु परिस्थितियों के परिवर्तन के कारण उनमें अर्थ-व्याप्ति स्पष्ट दीख पड़ती है। उदाहरण के लिए 'यवागू' शब्द जौ की लपसी के लिए है। हरयाणवी में यह शब्द राबड़ी' के लिए निश्चित दीख पड़ता है, क्योंकि यह जौ की लप्सी ही है। दीर्घ कालान्तर के कारण राबड़ी बनाने की पद्धति में इसी प्रकार अन्तर आ गया है जैसे होली के बाद 'बासोहड़े' (बासी भोजन) की परम्परा बनाए रखने के लिए मेरी पत्नी ने इस वर्ष मीठे दलिए, चावल, पूड़े, गुल-गुले आदि के स्थान पर नाश्ते के साथ बासी कचौड़ियाँ खिला कर संभवतः सारे परिवार को शीतला माता के कोप भाजन से बचा लिया।

इसी प्रकार 'अक्तु' शब्द को लीजिए। अक्तु शब्द हविर्द्रव्य के लिए आया है। हरियाणे में पशुओं के रोग का शमन करने के लिए 'अखता' मनाया जाता है। अखते' की समाप्ति घर-घर में हविर्द्रव्य की सुगंधि से होती है।

४. कोश में ऐसे भी शब्द हैं जिन पर प्राकृत अपभ्रंश आदि के नियम स्पष्ट रूप से घटित होते दीख पड़ते हैं। जैसे-जामातृ-जमाई, शृंग-सींग, अनृत-अनरथ, कृसर-खीचड़ी।

५. पडवीस-पड़ौस (पाद पाश), धेना-धीणू (दुधारू गाय), पष्ठौही-बहडी (चार वर्ष जी आयु की गाय) आदि ऐसे अनेक शब्द कोश में सम्मिलित हैं जिनको हिन्दी कोशों में खोजें तो निराशा मात्र ही मिलेगी।

६. स्थान वाचक (पञ्चाल, खाण्डव), नाम वाचक (गालव, जैमिनी) आदि अनेक ऐसे शब्द भी यहाँ सम्मिलित किए गए हैं जिनका संबंध हरियाणे से होने के कारण आज भी वे जनमानस की वाणी पर हैं।

हरयाणवी-वैदिक खंड

इस खंड में हरयाणवी-वैदिक शब्दावली दी गई है जिससे कि सामान्य जिज्ञासु हरयाणवी शब्दों का वैदिक पर्यायवाची सुगमता से देख सकें।

परिशिष्ट

परिशिष्ट में वैदिक तथा हरयाणवी के बीच उच्चारण संबंधी भेदों-उपभेदों को सोदाहरण दिया गया है। यह आवश्यक नहीं कि ये उच्चारण-भेद प्राकृत, अपभ्रंश आदि के उच्चारण नियमों से मेल खाएँ। एक ही शब्द में कई उच्चारण भेद हैं इसलिए एक ही शब्द को कई स्थानों पर दर्शाया गया है। दर्शाए गए उदाहरणों को भी आगे सूक्ष्म भेदों में बाँटा जा सकता था और उच्चारण भेद के कारण भी स्पष्ट किए जा सकते थे लेकिन लेखक की सीमाओं के कारण यह इस समय संभव नहीं हो पाया।

यदि भारत की सभी ग्रामीण बोलियों की शब्दावली का विश्लेषण इसी प्रकार वैदिक शब्दावली के संदर्भ में किया जाए तो निश्चित रूप से अनेक गुप्त और सुप्त सूत्र स्वतः अनकही कहानी कहेंगे। ऐसे कार्यों से देश की ग्रामीण जनता में नया आत्मगौरव जाग्रत होगा।

वर्तमान कार्य वैदिक भाषा, संस्कृत भाषा तथा हिन्दी शिक्षण के कार्य में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगा। शिक्षा शास्त्री अपनी आवश्यकतानुसार इसका उपयोग शोध, संदर्भ तथा शिक्षण कार्य में कर सकते हैं।

कोश को प्रैस में देने से पूर्व चारों वेदों के भाष्यकार, व्याकरणाचार्य श्री पं. श्रीकण्ठ शास्त्री जी ने इसे आद्योपान्त पढ़ कर जो जो महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए उनका समावेश भी इसमें कर लिया गया है। कोश कार्य पूरा करने में मेरी धर्मपत्नी श्रीमती विमला कौशिक एम० ए०, का सहयोग भी प्रशंसनीय है। कोश के प्रकाशन में मेरे अग्रज श्री रामजीवन कौशिक तथा अनुज रामनारायण कौशिक का भ्रात्रोचित योगदान प्राप्त हुआ है। इस कार्य को संपन्न करने में श्री पं. स्थाणुदत्त जी शास्त्री का शुभाशीर्वाद भी मुझे प्राप्त हुआ है।

लेखक का निवेदन है कि विद्वत्-जन इस कार्य का अवलोकन करें और इसमें सुधार के लिए अपने मूल्यवान विचार भेजकर कृतार्थ करें।

आश्विन नवरात्र सप्तमी
विक्रम सं० २०३८
(श्रद्धामयी माँ द्राक्षा देवी की
चालीसवीं पुण्यतिथि)

डा० जयनारायण कौशिक
सी-६०५, भारती भवन
सरस्वती विहार
दिल्ली-११००३४

लेखक के अन्य कार्य

प्रकाशित

1. Basic Hindi Vocabulary.
लिपि प्रकाशन, १. दरियागंज नई दिल्ली ११०००२.
२. माटी का मोल (भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत उपन्यास)
नेशनल पब्लिशिंग हाउस, २३ दरियागंज, नई दिल्ली ११०००२.
३. हिन्दी-हरयाणवी उच्चारण भेद
राजेश प्रकाशन, कृष्णनगर, दिल्ली ११००५१.
४. हरयाणवी प्रत्यय कोश
राजेश प्रकाशन, कृष्णनगर, दिल्ली ११००५१.
५. श्रुतलेख शब्दावली
विस्तार सेवा केन्द्र, राजकीय सह शिक्षा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान दरियागंज, नई दिल्ली ११०००२.
6. Consolidated Basic Hindi Vocabulary (Co-author)
नेशनल पब्लिशिंग हाउस, २३, दरियागंज, नई दिल्ली ११०००२.

अप्रकाशित

१. हरयाणवी हिन्दी शब्दकोश ।
२. हरयाणवी-संस्कृत शब्दकोश ।
३ श्रुतलेखन ।
४. नई किरण (उपन्यास) ।
५. बिना सिर का भूत (कहानी संग्रह) ।
६. पुत्र-वधू (एकांकी) ।
७. हरयाणा लोक गीत संग्रह ।
८. हिन्दी शिक्षण ।
९. अंकों की आत्म कथा ।
१०. तीन तिलंगे (उपन्यास) ।

वंश-परिचय

निकास—

मूल निकास—गौड़ बंगाला - पहला निकास विश्वामित्र और वसिष्ठ ऋषि के युद्धकाल में तथा दूसरा जनमेजय के नागयज्ञ के समय, क्योंकि कौशिक ब्राह्मणों को सर्प विद्या का ज्ञान था अतः जनमेजय ने कौशिक कुल के ब्राह्मणों को आमन्त्रित किया ।

राजस्थान के फटिक गाँव में स्थायी निवास के कारण कौशिक फटवाड़िया कहलाए । रींगस के निकट खाटू खंडेले में खाटू के श्याम जी कुल देवता हुए । फटिक गाँव से दुबलधन माजरा (रोहतक हरियाणा)

के लिए प्रस्थान । लगभग २५० वर्ष पूर्व कुल-प्रमुख पंडित द्वारकाप्रसाद, काद्यान गोत्र के जाटों के अनुरोध पर यजमानी के लिए जहाँगीरपुर (झज्झर-रोहतक) हरियाणा में आ बसे ।

अब से लगभग तीस वर्ष पूर्व दिल्ली में निवास ।

वेद—यजुर्वेद, शाखा—माध्यन्दिनी, प्रवर - अत्रि, ब्राह्मण—आदि गौड़, गौत्र—कौशिक, अल्ल—फटवाड़िया, कुलदेवता—खाटू श्याम (बभ्रूवाहन)

वंश-वृक्ष


द्वारका प्रसाद
श्रीराम
भोतराम
रामदयाल
धारीराम
मंशाराम
गौरीदत्त
सेवाराम (१८८८-१९४८)
(ज्ञानो नानूखोड़)
नोनंदराम
जवाहरा
भूरे
रामजीलाल १९१४-१९८० (जहरो पोचनपुर)
हेतराम
पं० रामस्वरूप मिश्र १९५४-२०३०
(दाक्खाँ/द्राक्षा-दुजाणा)
रामचन्द्र १९३८-१९६४
(सुखदेई-पाछापुर)
रामजीवन १९८९
(संतोष-कंझावला)
जयनारायण कौशिक
१९९२
(विमला-जियासराय)
रामनारायण
१९९७
(संतोष-जागसी)
डा० सुरेन्द्र मोहन
वीरेन्द्र मोहन
सगुण कौशिक
अमित
अनुज

१. कोष्ठ में पत्नी और उनके गाँव का नाम दिया गया है ।

२. जन्म तिथि विक्रमी संवत् के अनुसार है ।

श्री गणेशाय नमः

वैदिक-हरयाणवी कोश

वैदिक-हरयाणवी खण्ड

अक्तु	अखता । हविर्द्रव्य । (पशुओं को संक्रामक रोग से बचाने के लिए किया जाने वाला एक धार्मिक कृत्य जिसमें हविर्द्रव्य से रात्रि के समय घरों की शुद्धि की जाती है।)
अक्ष	अस्टा । अक्ष । क्रीड़ा पास ।
अक्षर	आखर । वर्ण । लेख ।
अगार	अगड़ । गृह । बगड़ का पूर्ववर्ती शब्द-खंड ।
अग्नि	अगन । आग ।
अङ्क	आँक । बाँक ।
अङ्कुश	अंकुस । एक आयुध ।
अङ्गुरि	आँगल़ी । १. एक माप । २. अंगुलि ।
अङ्गुलि	दे० अंगुरि ।
अङ्गुष्ठ	गूंट्ठा । १. अंगूठा । २. एक माप विशेष ।
अज	अझा । बकरी ।
अजगर	ईजगर । भीमकाय सर्प ।
अतिष्कद्वरी	स्याह्‌री । सिहारी । अतिकुलटा ।
अत्रि	अतरी । १. एक ऋषि । २. एक ब्राह्मण गोत्र ।
अदृष्ट	अदीठ । दिखाई न देने वाला (फोड़ा) ।
अद्रि	दरी । लोहदरी । एक अस्त्र ।
अधिषवण	घसणा । घिसना ।
अध्वन	दगड़ा । मार्ग । पगडंडी ।
अनड्वाह्	नारड़ा । नारिया । नई आयु का बैल । (इसी ध्वनिसाम्यता पर ऊँट के बच्चेको 'टारड़ा' कहते हैं) लो०नारड़ा अर टारड़ा चाल़ीस दिन की चराई चाहवै सै ।'
अनस्	दे० उपानस ।
अनीक	अणी । बाण आदि का अग्र भाग ।
अनृत	अनरथ । बड़ा पाप ।
अन्तरात्मा	अनतर आतमां । भीतरल' मन । अंतरात्मा ।
अपराह्ण	ह्राण । विलंब ।
अपालम्ब	उल़ाल़्वा । अड़सल्ला ।

अपूप	पूड़ा । पूआ ।
अप्वा	अफारा ।
अप्सरस्	अफसरा । अप्सरा ।
अभिषेक	अभिसेक । राज्याभिषेक ।
अभ्यञ्जन	अंजन। आँख का सुरमा ।
अभ्र	अब्र । बादल ।
अभ्री	भँभीरी । अभ्रि-बाँस ।
अमला	आमला । आँवल़ा ।
अमावस्या	मावस । कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि ।
अमृत	इमरत । सुधा ।
अम्बा	अमवा । १. माता । २. देवी । दुर्गा ।
आरणी	आरणा । उपले का बालन ।
अरण्य	अरन या अरण । जंगल ।
अरुण	अरुण । एक देवता का नाम ।
अर्क	आख । आखटा । आक ।
अर्गल	अरल़ । अरल़ी । काष्ठ या लोहे की अर्गला ।
अवस्	पिन्नस । एक वाहन ।
अश्वत्थ	असवथ । पीपल ।
अश्वमेघ	अश्वमेघ । अश्वमेघी यज्ञ ।
अश्ववार	सरवा । नरकट । सरोल ।
अश्ववाल	सरोल़ । दे० अश्ववार ।
अष्ट्रा	साँट्टा । पैंनी ।
अस्थि	हड्डी ।
अह्न	हाण । १. समय । २. विलंब ।
अहि	अह । पाताल ।
आकूति	कूत । कूतणा । १. अभिप्राय । २. अनुमान
आखर	खोर । खुरली ।
आग्रहायण	अगहन (सीमित प्रयोग) ।

आञ्जन	अंजन ।
आन्त्र	आंत । अंतड़ी ।
आमलक	आँमल़ा । आँवला ।
आमिक्षा	छाः । छाछ । सीत ।
आयुत	अताया । घी ।
आर्य	आरिया । १. श्रेष्ठ । आर्य-जाति ।
आल	आल़ । कच्चा प्याज । प्याज की पौध ।
आलम्बायन	आलंबायण । १.एकगोत्र । २. एक ऋषि ।
आशा	आस । अभिलाषा ।
आशिष्	असीस । आशीर्वाद ।
आश्रम	आसरम । आश्रम ।
आषाढ	साढ । आषाढ़ का महीना ।
आष्ट्रा	साँट्टा । पैंनी ।
आसन्दी	आस्सण । आसन ।
आस	आस । पहली बार उगे मूँछ के बाल ।
आस्तरण	अस्तर । आसन ।
आहनस्या	स्याहरी या सिहारी । व्यभिचारिणी । कुलटा ।
इक्षु	ईंख । ईख ।
इध्म	ईंधण । ईंधन ।
इन्द्र	इनदर । वर्षा के देवता ।
इन्द्राणी	इनदराणी । इंद्र की पत्नी ।
इन्द्रिय	इनदरी । जननेंद्रिय ।
इषीका	सिलम । जुए में लगाई जाने वाली कीली ।
इषुकृत	खात्ती । खाती ।
इष्टका	ईंट ।
ईर्ष्या	ईरखा । ईर्ष्या ।
ईश्वर	इसवर । ईश्वर ।

ईषा	इखा । फड़ । वाहन का भारवाहक दंड ।
उच्छीर्षक	छींक्का । छींका ।
उडुप	डूंड्डा । नाव ।
उत्तम्भन	उलालवा अवलंबन ।
उत्तरायण	उतरायण ।
उत्स	सोत । स्रोत ।
उत्सव	उत्सव । मेला ।
उदकमण्डलु	कमंडल । कमंडल ।
उदकुम्भ	कुल्हड़ । कुल्लहाँ ।
उदचमस	चिड़स । १. चरसा । २. चमचा । सरोहा ।
उद चन	चम्मच । चमचा ।
उदर	उदर । गर्भ । पेट ।
उदस्थाली	थाली । थाली ।
उदुम्बर	गूल्लर । गूलर ।
उदोदन	ओदन ।
उद्दालक	उद्दालक । एक ऋषि ।
उद्र	ऊदबिला । ऊदबिलाव ।
उद्धि	(वाहन का) ऊंटड़ा ।
उपदीका	डीम्मक । दीमक ।
उपाधि	परधी । प्रधी । रथ चक्र का एक भाग ।
उपबर्हण	बरुण । विष्टर ।
उपमन्थी	मथाणी । रई । मथानी ।
उपमन्यु	उपमन्यु । एक ऋषि ।
उपस्तरण	अस्तर ।
उपानस	पीन्नस । पिन्नस । एक वाहन ।
उपानह	उपानह । जता ।
उरस	उर । हृदय ।
उरा	उरही । भेसा ।
उरुक	उरल । उल्लू ।
उर्वशी	उरवंसी । देवलोक की एक सुंदर नर्तकी ।
उलूक	उल्लू ।
उलूखल	ऊक्खल । ओखली ।
उषस्	ऊखाँ । उषा ।
उष्ट्र	ऊंट ।
ऊर्णा	ऊन ।
ऊषर	ऊसर । बंजर भूमि ।
ऋक्ष	रींछ ।
ऋग्वेद	रिग बेद । ऋग्वेद ।
ऋण	रिण । कर्ज । ऋण ।
ऋतु	रितु । रुत । ऋतु ।
ऋषि	रिसी । ऋषि ।
एकाष्टका	पाठोहड़ा । आठ दिन का समय ।
एरण्ड	परंड ।
ऐरावत	अहरावत । एक हाथी ।
ओम्	ओम । भगवान । ईश्वर ।
ओगणी	ओगणी । विपरित आचरण वाला ।
ओजस्	ओज । १. शक्ति २. प्रकाश
ओषधि	ओखधी । १. औषध । दवाई २. वनस्पति ।
कंस	कांस्सी । कांसी एक धातु विशेष ।
ककुद	कूब । कूबड़ । टांट । वृषभ की पीठ पर उठा डेला ।
कक्ष	कूक्खी । १. स्त्री का गुप्तांग । २. काख ।
कण्ठ	कंठ । १. गला । २. स्वर ।
कण्व	कणव । एक ऋषि ।
कथा	कथा । १. दार्शनिक चर्चा । २. कहानी ।

कन्या	कन्या । १. अविवाहिता । २. अल्प वयस्क लड़की ।
कपाल	कपाल़ । सिर का खोखला भाग ।
कपि	कपी । बंदर ।
कपिल	एक ऋषि ।
कपोत	कबूत्तर । क़बूतर ।
कफोड़	कनफेड़ ।
कबन्ध	कबंध । सिर रहित घड़ ।
कमण्डलु	कमंडल ।
कमल	कमल ।
कम्बल	काम्बल़ । कंबल़ ।
करीर	कैर । करील ।
करीष	करसी । सूखा गोबर। उपले का अंश ।
करूकर	कारूरा । मूत्र ।
कर्कन्धु	काकड़ा । बेर । लो० काल़ काकड़ा समय पीह्ल ।
कर्षू	खूड ।
कलश	कल़स । पवित्र घट ।
कला	कली । चंद्रमा का एक अंश ।
कलि	कल़जुग । कलियुग ।
कल्प	कलप । दीर्घ काल खंड ।
कल्याण	कल्याण । भला ।
कवच	कवच । वक्षःस्थल रक्षक ।
कवि	कवी । कविता रचने वाला।
कशा	कोड़ा ।
कशिपु	काँस । पानी का एक घास ।
कश्यप	कछुआ ।
कश्यप	कस्यप १. एक ऋषि । २. एक ब्राह्मण गोत्र ।
कस्तम्भी	कक्खी । गाड़ी की टेक ।

काकुद	काग । तालू ।
काण्ड	गाँठ । पोरी ।
कात्यायनी	कत्याणी । एक देवी ।
काम	काम देवता ।
कार	घुड़दौड़ (महत्त्वपूर्ण कार्य । उदा० के तने न्यारी कार कर ली) ।
कार्तिक	कातिक । कातक । कार्तिक मास ।
काल	काल़ । गाल़ । १. समय । २. मौत ।
काश	कास । एक जल-घास ।
कास्	खाँस्सी । खाँसी ।
किंशुक	केस्सू । टेस्सू । पलाश वृक्ष।
किरात	किरात । एक जाति ।
किलास	कल़ासिया । काला-चितकबरा (बैल) ।
कीकट	कीक्कर । कीकर ।
कीट	कीड़ा ।
कीर्ति	कीरती । यश ।
कीलाल	(संभवतः) राल (एक मीठा पदार्थ)। तुल० लाट या लाटा । राला ।
कुक्षि	कोक्खी (कोख) । १. स्त्री का गुप्तांग । २. गर्भ । पेट ।
कुटरू	गुटरू । कबूतर ।
कुण्ड	कूंड । बड़ा गहरा बर्तन ।
कुबेर	कुबेर । घन के देवता ।
कुमार	कुमार । पुत्र । लड़का ।
कुरीर	खुरैह्ला । खुरेरा ।
कुरू	कोरू । कौरव ।
कुरूक्षेत्र	कुलछेतर । कुरुक्षेत्र ।
कुर्कुर	कूर कूर । कुत्ता ।

कुलिश	कुहाड़ी । कुल्हाड़ी ।
कुल्या	खालवा । १. खाल । २. बरसाती नाला ।
कुश	कुश । डाभ । कुशा ।
कुशिक	दे० कौशिक ।
कुष्ठ	कोढ़ ।
कूचक्र	चकरी । कूए की चक्री । घिरड़ी । चक्री ।
कूप	कूआ । कुआँ ।
कूर्च	कूँच या कोंच की फली ।
कृकलास	किरलकाँट । किरलकाट । गिरगिट ।
कृति	कटारी ।
कृत्तिका	किरतका । एक नक्षत्र विशेष ।
कृत्या	करतूत ।
कृषि	किरसी । खेती ।
कृष्टि	खेतीहर । खेतिहर ।
कृष्ण	किसण । श्रीकृष्ण ।
कृष्ण	किरसण । काला ।
कृसर	खीचड़ी । खिचड़ी ।
केतु	केत्तु । राहू का साथी ।
केवट	लेट । लेटड़ा । लेटड़ी । जोहड़ी । गर्त ।
केश	केस । सिर के बाल ।
कोक	कोक । एक पक्षी । चकवा ।
कोकिल	कोल । कोयल ।
कौण्डिन्य	कोंडिल । १. एक ब्राह्मण गोत्र । २. एक ऋषि ।
कौत्स	कोतस । एक ब्राह्मण गोत्र ।
कौरव	कोरू । कुरू के पुत्र ।
कौरू पञ्चाल	कोरू-पंचाल । कौरव । पंचाल ।

कौलाल	कुलाल । शराब वेचने वाला ।
कौशिक	कोसिक । १. एक ऋषि । २. एक ब्राह्मण गोत्र ।
क्रोश	कोस । दूरी विशेष ।
क्रोष्टु	गादड़ । गीदड़ ।
क्रौंच	करोंच । कुंज । जल-चर पक्षी ।
क्षण	छन । छण । क्षण ।
क्षत्रिय	छतरी । खतरी । क्षत्रिय ।
क्षीर	खीर । १. दूध । २. खीर-पदार्थ ।
क्षुर	खुर । पशु का खुर ।
क्षेत्र	खेत । १. कृषि-भूमि । २. रण-भूमि ।
क्षेम	छेम । भलाई । कुशलक्षेम ।
क्षोणी	छोहणी । सज्जायुक्त सेना ।
क्षणोत्र	साण । शाण ।
खदिर	खैर वृक्ष ।
खनित्र	खुदाली । कुदाली ।
खर	खर । गधा ।
खर्जूर	खजूर । खिजूर ।
खल	खलिहाण । खलिहान ।
खाण्डव	खाँडू । एक स्थान विशेष ।
खारी	खारी । चारा मापने का टोकरा ।
गङ्गा	गंगा जी । पवित्र नदी ।
गज	गज । हाथी ।
गण	गण । झुंड । समूह ।
गति	गती । मुक्ति ।
गन्धार	गंधार । स्थान विशेष ।
गर	गरल । गरल । विष ।
गरुड़	गरड़ । नीलकंठ ।
गर्ग	[illegible] । १. एक ऋषि । २. एक ब्राह्मण गोत्र ।

गर्त	गाड्डी । गाड़ी ।
गर्तारूह	गडवाला । वाहक । गाड़ीवान ।
गर्दभ	गधा ।
गर्भ	गरभ । पेट ।
गवय	गा । गाय ।
गवींनी	गोहरण । मूत्राशय के पार्श्व ।
गाङ्ग्य	गंगे । हर गंगे । गंगातटीय पंडा ।
गाथा	गात्था । कथा । लंबी कथा।
गान	गान ।
गायत्री	गायतरी । गायत्री मंत्र ।
गालव	गालव । १. एक ऋषि । २. एक ब्राह्मण गोत्र ।
गिर	गिरा । वाणी ।
गिरि	गिर । गिरी । पर्वत ।
गुग्गुलु	गूगल । गूगल ।
गुहा	गुफा ।
गृध्र	गिध । गिद्ध ।
गृष्टि	खारकी (गाय) । पहली बार जनन करने वाली गाय ।
गृह	घर ।
गो	गो गा । गाय ।
गोत्र	गोत । गोत्र ।
गोधूम	गोहूँ । गेहूँ ।
गोपाल	गुपाल । गोपाल ।
गोष्ठ	गितवाड़ । पशु बांधने का स्थान ।
गोतम	गोतम । १. एक ऋषि । २. एक ब्राह्मण गोत्र ।
गौर	गोरी [गाय] । गोरी गाय ।
ग्रह	गिरह । ग्रह ।

ग्राम	गाम । गाँव ।
ग्रामिन्	गामोल्ली । अपने गाँव का ।
ग्रारा	गरंड ।
ग्रीष्म	गरमी । ग्रीष्म ऋतु ।
घन	घण । मुगदर ।
घर्म	घाम । धूप । घमौरी ।
घास	घास ।
घृत	घी ।
घृत कौशिक	घिरत कोसिक । एक ब्राह्मण गोत्र ।
घोष	घोस । स्वर । नाद ।
चक्र	चक्कर । पहिया ।
चक्रवाक	चकवा ।
चक्षुस्	चकसू । नेत्र ।
चण्डातक	चंदेवा । चंदोवा ।
चण्डाल	चिण्डाल । चाण्डाल ।
चतुष्पद	चुपाया । पशु ।
चनस्	चणा । चना ।
चन्द्र	चदरमा । चाँद ।
चन्द्रमस्	चनदरमा । चाँद ।
चरक	चरक । एक ऋषि ।
चस	चरवा ।
चर्मन्	चाम । चर्म ।
चषाल	सुहाल । मंदे से बनी सुहाली ।
चाण्डाल	चिडाल । चांडाल ।
चातुर्मास्य	चमास्सा । चौमासा । व ऋतु का काल ।
चित्ररथ	चित्तर रथ । एक प्रतापी राजा ।
चित्रा	चितरा । एक नक्षत्र ।
चूर्ण	चूरण । चूरा ।
चेतन	चेतन । जीवंत ।

चैत्र	चैत । चैत्र महीना ।
चोर	चोर ।
च्यवन	चिमन ऋषि । च्यवन ।
छाग	छाग्गल । मशक ।
जगती	जगत ।
जघन	जाँघ । जंघा ।
जंघा	जाँघ ।
जठर	जठर । पेट ।
जत्रु	जाथर । बोझ उठाने की क्षमता । ग्रीवावर्ती तरुण अस्थि ।
जनक	जनक । राजा जनक ।
जनता	जन्ता । जनता ।
जनमेजय	जनमेजय । एक राजा ।
जनी	जणी । स्त्रियों का समूह ।
जन्तु	जंतु । जीव-जंतु ।
जय	जय ।
जमद्-अग्नि	जमदग्नी । १. एक ऋषि २. एक ब्राह्मण गोत्र ।
जरायु	जेरज ।
जर्तिल	तिल ।
जग्र	झख । मछली ।
जाति	जात । १. जाति । २. वर्ण ।
जामातृ	जमाई ।
जार	जार । अवैध प्रेमी ।
जैमिनी	जैमनी । १. एक वैदिक ऋषि । एक ब्राह्मण गोत्र ।
झष	झख । मछली ।
तक्मन्	तेइया (ताप) । ज्वर ।
तक्षन्	तरखाण । बढ़ई ।
तण्डुल	तंडुल । चावल ।
तन्ति	जतणी । बालों को गूंथ कर बनाई गई रस्सी ।

तन्तु	ताग्गा । धागा ।
तर्कु	ताक्कू । तकवा ।
तष्ट्र	तरखाण । बढ़ई ।
तसर	तसर । एक वस्त्र विशेष ।
तापस	तपस्वी ।
तावुव	तबीज । जहर मोरा ।
तार्प्यं	तप्पड़ । एक वस्त्र ।
तित्तिर	तीत्तर (पक्षी) ।
तिल	तिल ।
तीर्थं	तीरथ । तीर्थं ।
तुग्र	तिगाला ? (इंद्रका शत्रु) ।
तुला	तराज्जू । ताखड़ी । तराजू ।
तुष	तुस । धान की भूसी ।
तूणव	तूंवा । एक वाद्य यंत्र ।
तूष	अडूस्सा ? वस्त्र का अंचल ।
तृण	तिणका । तृण ।
तृतीयक	तेइया । ताप ।
तेजन	जेवड़ी । एक नाप विशेष । जरीब ।
तेजनी	नेज्जा ? नरकट । दे० तन्ति
तैल	तेल ।
तोक	टाब्बर । पुत्र । संतान ।
तोत्त्र	ट्योंट । सोट । सोट्टा । सोटा ।
त्रिशंकु	तिरसंकू । आकाश में लटका एक राजा ।
त्रेता	तरेत्ता । त्रेता युग ।
त्वष्टृ	तरखाण । खाती । बढ़ई ।
दंश	डंक ।
दंष्ट्र	डंक ।
दक्षिण	दक्खन । दक्षिण ।
दक्षिणा	दिछणा । दक्षणा ।
दक्षिणायन	दिछणायण । दक्षिणायन ।

दण्ड	डंडा ।
दण्ड	डंड । दंड ।
दण्ड	डंड । राजदंड ।
दधि	दही ।
दन्त	दांत ।
दम	अगड़-दम । घर ।
दर्भ	डाभ । एक नुकीली घास ।
दर्वि	डोहरी । सुवा ।
दशन्	दस्से या दस्हे ? एक जाति ।
दशमास्य	दसमासिया ।
दशा	डस । रस्सी की झालर ।
दस्यु	डाकू ।
दातृ	दात्ता । दाता ।
दात्र	दरांत्ती । दांत्ती । दांती ।
दान	दान । १. उपहार । २. दहेज ।
दान	दान । बांटना ।
दामन्	घावण । अदवायन । पायत । रस्सी ।
दार	दारा । पत्नी ।
दाव	दा । अग्नि ।
दास	दास । सेवक ।
दित्योही	देई (गाय) । देवी गाय (इसका दूध बिलोया नहीं जाता) ।
दिधिषु	दुहेज्जू । दूसरे विवाह का इच्छुक ।
दिश्	दिसा । दिशा ।
दीन	दीन । दरिद्र ।
दीव	दा । दाव । अक्ष क्रीड़ा ।
दुधा	दुधारू ।
दुर्वराह	बराह । जंगली सूअर ।
दुहितृ	धेवती । पुत्री की पुत्री ।

दूत	दूत । संदेशवाहक ।
दूर्वा	दूब ।
दूर्श	दुसाल्ला ? दुशाला ।
दूषीका	ढीढ । नेत्रमल ।
दृबा	ढभोली । १. दर्भ । २. दर्भ की चटाई ।
दृषद्	दरड़णे या दलने वाली (चक्की) ।
देवता	देवता । पूज्य देव ।
देवलोक	देवलोक ।
देवी	देव्वी । देवी ।
देवृ	देवर ।
देश	देस । जन्मभूमि ।
दोह	दूहणा । दोहना ।
द्रप्स	टोप्पा । टपका । पतास्सा सी बूंद । मोटी बूंद ।
द्रविण	धन ।
द्रु	डोऊ । लकड़ी का चम्मच ।
द्रु-घण	घण । लकड़ी का घन या मुगदर ।
द्रोण	दोन्ना । डोन्ना । डोना
द्वादश	बाराह् । बारह ।
द्वापर	दवापर । द्वापर युग ।
द्वार	दवार । दरवाजा ।
द्विपाद	दुपाया (मनुष्य) ।
द्वीप	दीप । टापू ।
धन	धन । संपत्ति ।
धनुष	धनुस ।
धमनि	धौंकणी । फूंकनी ।
धर्म	धरम । धर्म ।
धाना:	धाणी । भुना अन्न ।
धान्य	धान । बिना निकले चावल ।

धामन्	धाम (यथा-दहीधाम)। देखी धाम।
धारा	धार। जल धारा।
धी	धी। मति।
धीवन्	झीम्मर। धींवर।
धुर	धुरी (जुए की)।
धूप	धूप बत्ती।
धूम	धूम्मा। धुआँ।
धूमकेतु	धूम केतु। पुच्छल तारा।
धृतराष्ट्र	धिरत रास्टर। एक राजा।
धेना	धीणू। दूध देने वाली गाय।
धेनु	दे० धेना।
धेनुष्टरी	ढांड्ढी। वह गाय जो दूध से सूख गई हो।
धैवर	झीम्मर। धींवर।
ध्रुव	धरू। १. ध्रुव तारा। २. ध्रुवभक्त
ध्वज	धजा। ध्वजा।
ध्वंसि	धांस। क्षुद्र अंश।
नकुल	न्योल्। नेवला।
नक्षत्र	नछत्तर। १. तारा। २. भाग्य।
नख	नुँह। नाखून।
नगर	नगर। बस्ती।
नड	नरसल।
नदी	नदी।
ननादृ	नणदी। नणद। ननद।
नपात्	पोता। पौत्र।
नभ्य	नाप। नाभ। नाभ्भी। सूँडी।
नर	नर। १. मनुष्य। २. मादा का पुंलिंग।
नरक	नरक।
नवनीत	नूणी। मक्खन।
नाग	नाग।
नाडी	नाड़ी। रथ चक्र।
नाडी	नाड़ी। रक्त वाहिनी शिरा।
नापित	नाई।
नाभि	नाप। नाफ। सूंडी।
नाभि	नाभ्भी। पहिए का मध्य भाग।
नामन्	नाँ। नाम।
नारायण	नारायण। परम पुरुष।
नारी	नारी। स्त्री।
नावा	ना। नाव।
नाव्या	नाइया। नाविक।
निधि	निधी। कोश। संपत्ति।
निपाद	पाट्टे। नीची भूमि।
निमेष	निमेख। पलक झपकने का समय।
निवान्या	निवाणी। न्याणी। वह पशु जिसका बच्चा मरने पर खल-बच्चा दिखाकर दूध निकाला जाए।
निषाद	निसाद। एक जंगली जाति।
निष्काम	निसकाम। आसक्ति रहित कार्य।
नीड	नाड। गाड़ी में गाड़ीवान के बैठने का स्थान।
नील ग्रीव	लीलकंठ। नीलकंठ।
नीवि	नीवी। १. नाड़ा। २. न्यौली।
नीहार	कोहड़ा। कोहरा।

नृति	रथोंड्डी। तुल० बीजोंड्ढी। बीज रखने की थैली।
नृतू	नचणवी। नर्तकी।
नौ	ना। नाव।
न्य	नाक्की। गाड़ी का एक भाग विशेष।
न्याय	न्या। न्याव। न्याय।
पक्ति	पकावा। पकाने वाला।
पक्व	पाक्या। पक्का। पका हुआ।
पक्ष	पकस। एक किनारा।
पक्षिन्	पंछी। पक्षी।
पङ्क्ति	पंगती। पाँच की मंडली। पंक्ति।
पचत	पचाया या पकाया हुआ।
पञ्च-दशी	पंदरस। पँदराढा। पक्ष।
पञ्चाल	पंचाल। एक प्रदेश।
पटूर	पटट। जाँघ।
पटौर	दे० पटूर।
पड्वीश	पड़ास। गधे के पैर का रस्सा।
पण्डित	पंडत। पंडित। ब्राह्मण।
पताका	पताक्का। झंडा।
पति	पती। घर आला। गृह स्वामी। पति।
पत्नी	पतनी। पत्नी।
पद	पद। अंश या चतुर्थांश।
पदवी	पदवी। ऊंचा आसन।
पद्म	पदम। १. कमल। २. पदम की संख्या।
पयस्या	सीत। छाछ।
परम पुरुष	परम पुरस। परमात्मा।
परशु	फरसा।
पराशर	परासर। १. एक ऋषि। २. एक ब्राह्मण गोत्र।
परिक्षित्	परीकसत। एक राजा। परिक्षित्।
परि चर्मण्य	चमोट्ठा। चाम की बेड़।
परि-पद	वड्ढा। विशेष लंबाई चौड़ाई का गड्ढा।
परिवत्सरी-बलिवर्द	परबतसरी बुलध। परवतसरी बैल।
परि सुत	साड़ा। मादक पेय।
परुष	पोड़? सरकंडा।
परुस्	परस। साढ़े तीन हाथ की लंबाई। (मनुष्य अपने साढ़े तीन हाथ का होता है)
पर्ण	पत्ता।
पर्ण घी	पैणी?
पर्यंक	पिलंग। पलंग।
पर्वत	परबत। पहाड़।
पर्वन्	पोरा। पोरी। पौधे की पोरी।
पर्शु	पाँस्सू। पसली।
पर्शु	पास्से। खंड।
पर्शु	फरसा।
पर्ष	पैर। खलिहान।
पलद	पलीत्ता। घास फूस आदि का बिछौना, जो गाड़ी के बीच में डाल दिया जाता है।
पलाल	पुरल। पुरली। जौ आदि का लान।
पलाश	पलास। ढाक। टेस्सू।

पल्पूलन	नूणी । रेह ।
पवन	पोणा । पोणी । छलनी । चलनी ।
पशु	पसू । जानवर । पशु ।
पष्ठौही	बहड़ी । भेंड़की । चार वर्ष की आयु की गाय ।
पस	बहू । जनेन्द्री ।
पाञ्चाल	पंचाल । एक प्रदेश ।
पातल्य	पछेलला । रथ का एक भाग ।
पात्र	पात्तर । बर्तन । पात्र ।
पान	पीणा । पीना ।
पाप	पाप ।
पार	पार । दूसरा किनारा ।
पारावत	परावर । कपोत ।
पारोवर्य-विद्	पीड्ढी पाड़णिया । अन्य की कुल परंपरा को जानने वाले ।
पार्वति	पारबती । पार्वति । पर्वत पुत्री ।
पार्श्व	पाँस्सू । पसली ।
पाश	पास । बंधन । रस्सी ।
पाशिन्	पास्सी । शिकारी । एक जाति विशेष ।
पिङ्गल	पीला । पीत ।
पिङ्ग	पींग ? पेंग । पँग । १. रस्सी । २. झूला ।
पिञ्जूल	पिंजोली ? घास आदि की रस्सी ?
पिण्ड	पिंड । पितरों को दिया जाने वाला आटे आदि का गोला ।
पितामह-ततामह	दाद्दा । दादा ।
पितृ	पिता ।
पित्त	पित ।
पिप्पल	पीप्पल । पीपल ।
पिशाच	पिसाच । प्रेत । पिशाच ।
पिष्ट	पीट्ठी । पीठी । पिसी हुई दाल ।
पीठ	पीड्ढा । पीढ़ा । आसन ।
पीयूष	खीस । गाय का पहला-पहला दूध (प्रजनन के बाद) ।
पीलु	पीहल । जाल के पौधे का फल ।
पुञ्श्चली	छनाल । छनाल स्त्री ।
पुञ्जील	पूंजा । सन आदि का पूंजा ।
पुण्य	पुण्य ।
पुत्र	पुत्तर । पुत्र ।
पुनर्जन्म	पुनरजनम । पुनर्जन्म ।
पुराण	पुराण ।
पुरीष	फूहड़ा । विष्ठा ।
पुरोवात	परवा । पूर्वी वायु ।
पुरोहित	पिरोहत । पुरोहित । कुल विप्र ।
पुष्कर	पुस्कर । एक तीर्थ । पुष्कर ।
पुष्य	पुख । पुष्य नक्षत्र ।
पूर्वज	पूरवज । पुरखे । पूर्वज ।
पूर्व वह	बींडिया । सबसे आगे जुतने वाला बैल ।
पूल्प	दे० पूल्य ।
पूल्य	फूल्ली । भुना हुआ अन्न ।
पृथ	पैड़ । लंबाई विशेष का नाप ।

पृथिवी	पिरथी । पृथ्वी ।
पृथु	पिरथू । पृथु । एक प्रतापी राजा ।
पृषदाज्य	दे॰ पृषातक ।
पृषातक	गोज्जी । गव्य पदार्थों का मिश्रण ।
पृष्टि	पीठ ।
पृष्ठ	पीठ ।
पोतृ	पोतड़ा । एक वस्त्र विशेष ।
पौर्णमासी	पूरणमास्सो । पूर्णमासी ।
प्रउग	ऊँटड़ा । उंटना । गाड़ी का वह अग्र भाग जो भूमि पर टिक जाता है ।
प्रकश	साँट्टा । साँटा । कश ।
प्रक्ष	पिलखण । पिलखन ।
प्र-घात	वात्तण । वस्त्र । डब्बोट्टा ।
प्र-चलाका	पतास्सा सा मींह । मोटी बूँदों की वर्षा ।
प्र-जा	परजा ।
प्रजा पति	परजापती । भगवान । प्रजापति ।
प्रणपात्	पड़पोत्ता । प्रपौत्र ।
प्र-ततामह	पड़दाद्दा । प्रपितामह ।
प्रति-धि	पीड़ढो । पीढ़ी ।
प्रति-वेश	पड़ोस । पड़ोस्सी । पड़ोसी ।
प्र-दर	दर । दराड़ । दरार ।
प्र-धि	परधी । पहिये का एक भाग ।
प्र-पथ	पड़ा । पड़ाव । पथिकों का विश्राम स्थान ।
प्र-पितामह	पड़दाद्दा । प्रपितामह ।
प्र-पित्व	पीली पाट्याँ । सूर्योदय से पूर्व काल ।
प्रपौत्र	पड़पोता । पुत्र का पुत्र ।

प्र-फर्वी	फाह फोह्टण । बनावटी व्यवहार वाली स्त्री ।
प्र-लय	परलअ (दीर्घ 'अ' का प्रयोग) । परलो । प्रलय । महाविनाश ।
प्र-वचन	परवचन । १. मौखिक उपदेश । २. शुभवचन (व्यंग में) ।
प्र-वर	परवर । गोत के बाद लगने वाला पूर्वजों का नाम । यथा-कौशिक गोत्र, अत्रि प्रवर ।
प्र-वल्हिका	पहेल्ली । पहेली ।
प्र-वास	परवास । विदेश वास ।
प्र-शस्	फरसा । परसा । परशु ।
प्रश्न	परसन । प्रश्न । जिज्ञासा ।
प्रष्टि	वींडिया (बैल) । दे॰ पृष्ट्या ।
प्र-सू	परसूत्ती । प्रसूति । जच्चा ।
प्र-सृत	पसारमाँ । पसरवाँ । फैला हुआ ।
प्र-स्तर	विसटर । विष्टर । आसन । विवाह के समय प्रतीक रूप में प्रयुक्त दूब या कुश का आसन । २. विस्तर ।
प्र-हा	पास्सा । अक्षक्रीड़ा का पासा ।
प्राकार	परकोट्टा । प्रकोटा । चार दीवारी ।
प्राचीन तान	ताणी । तानी ।
प्राण	पराण । पिराण । प्राण । १. श्वास । २. जान । ३. आत्मा ।

प्रातराश	बास्सी वारा। प्रातःकाल का नाश्ता।
प्रादेश	पाँह। लंबाई विशेष।
प्राश	फहणिया। फहबणिया। व्यर्थ में ही वाद विवाद में पड़ने वाला।
प्रेत	परेत। भूत। प्रेत।
प्रौष्ठ	खाट। चारपाई।
प्रौष्ठ-पदा	पाया। पावा। खाट का पावा।
प्लक्ष	पिलखण। पिलखन।
प्लव	पाल। नाव।
प्लीहन्	तिल्ली।
फल	फल़। फल।
फलक	फाल़। फाह्ल़ा। कुदाला।
फाण्ट	पींड्डा (मक्खन का)।
फाल	फाह्ल़ी। फाली।
फाल्गुण	फाग्गण। फागुन। फाल्गुन।
फेन	फैन। फेन।
बद	विघ। पशु के खुर के बीच निकलने वाला फोड़ा। फोड़ा।
बदर	बेर।
बद्ध	बुड़का ?
बद्धन	बांध।
बांधन	बांध। बांधणा। बांधना।
बन्धु	बंध। यथा—भाई-बंध। बंधु।
बर्हिस्	बरही। घास फूस आदि की रस्सी।
बलाय	बला या बलाय। यथा—आग-बला या आगबलाय। आग में डालने योग्य।

बलि	बली। १. आहूति। २. भेंट। न्यौछावर।
बलिकृत	बाणिया। बुकाल। वणिक।
बल्बूथ	बलबूता (वैदिक अर्थ— सौ दास देने वाला)।
बाण	बाण। शर।
बाण-वन्त	बाण वन्त। सर विद्या में कुशल।
बाल	बाल यथा-बाल-गुपाल।
बाहु	बाहू। हाथ। लंबाई का एक नाप।
बिम्ब	बिंब। गोल़। एक लाल फल जो झाड़ियों पर चढ़ी बेल पर लगता है।
बिल	बिल। बिवर।
बिल्व	बेल पत्तर। बेल गिरी।
बिस	भिस। एक सब्जी।
बीज	बीज।
बुध्न	बदना। पात्र की तली। यथा—बिना बदने का।
बृसी	बेस्टन। १. आसन। २. वस्त्र।
बृहस्पति	भिरस्पति। १. एक देवता। २. एक वार।
ब्रह्मचारी	बिर्ह्मचारी। ब्रह्मचारी।
ब्रह्मन्	बाह्मण। ब्राह्मण।
ब्रह्म-विद्या	बिर्ह्म विद्या। ब्रह्मविद्या।
ब्रह्म-हत्या	बिरह्म हत्या। घिनोना पाप।
ब्राह्मण	बाह्मण। ब्रह्मन। ब्राह्मण।
ब्लेष्क	बुलाक। तोख। मृत्युपाश।
भक्ष	भख। खाना।

भग	भग । नेत्र । यथा इनदर के भगजाणी । अनेक नेत्र ।
भगिनी	भाण । बेहिन ।
भङ्ग	भंग । भाँग ।
भंद्रा	भंदरा । एक अशुभ नक्षत्र ।
भरणी	भरणी । एक नक्षत्र ।
भरद्वाज	भारद्वाज । १. एक ऋषि । २. एक गोत्र ।
भर्तृ	भरता । भरतार । पति ।
भसद्	भोस्सी । स्त्री का गुप्तांग ।
भाग	भाग । हिस्सा ।
भाद्रपद	भादवा । भादुवा । भादों मास ।
भारत	भारत देस ।
भार्गव	भारगव । भार्गव । १. एक ऋषि । २. एक गोत्र ।
भार्या	भारिया । पत्नी । भार्या ।
भाषा	भाक्खा । १. संस्कृत । २. बोलचाल की भाषा । ३. अशुभ वचन (व्यंग में) ।
भिक्षा	भिच्छा । भीख ।
भुरण्यु	भरणिया । भरता । पति ।
भुरिज	बुरज ? बुरजी ? ।
भुवन	भवन । लोक ।
भुवन-पति	भवन पति । भगवान ।
भूत	भूत । भूत प्रेत ।
भूत-विद्या	भूत विद्या ।
भूमि-भूमी	भोम्मी । भूम्मी । भूमि ।
भृगु	भिरगु । भृगु ऋषि ।
भ्रङ्गा	भौंरा । भ्रमर ।
भ्रातृ	भाई ।
मकर	मगर (मच्छ) । नक्र ।
मक्ष	माख । माँकखी । मोटी मक्खी ।

मक्षिका	माँकखी । मक्खी ।
मख	मखाणा । मखाना । ताल मखाना ।
मज्जा	मज्जा ।
मणि	मणियाँ । एक आभूषण ।
मणिक	मूण । पानी का बड़ा मटका ।
मण्डूक	मींडक । मेंढ़क ।
मतस्ना	मसाण । मूत्र पिंड ।
मतिः	मत । मती । मति ।
मत्स्य	मछली ।
मद्य	मद । शराब ।
मद्र	मदर । एक देश ।
मधु	मधू । शहद ।
मधु-पर्क	मधु परक । फेरों के समय दूल्हे को दिया जाने वाला मिष्टान्न आदि ।
मनस्	मन ।
मना	मणा । एक माप त्रिशेष । १. एक मन तोल या एकमन परिमाप का पात्र । २. एक मन का बाट ।
मनु	मनु भगवान ।
मनुष्य	माणस । मनुष्य ।
मनुष्य लोक	मनुस लोक । भूलोक ।
मन्त्र	मंतर । मंत्र ।
मन्था	मथाणी । मधाणी । रई ।
मयूर	मोर ।
मर्कट	मरकठ । बंदर ।
मर्मन्	मरम । मर्म । जीव स्थान ।
मर्यक	बिजार । सांड ।
मर्यादा	मरजाद । सीमा । मर्यादा ।
मल	मल । गंद ।

मलिम्लु	मल्ला मल्लो । १. धींगा मस्ती । जवरदस्ती । २. लुटेरा ।
मलि-म्लुच्	मल मास । अधिक मास ।
मशक	माच्छर । मच्छर ।
मसूय	मसूर ।
मसूर	मसूर ।
मस्तक	मस्तक । माथा । मस्तिष्क ।
मस्तिष्क	मत्तुथा । दिमाग । मस्तिष्क ।
मस्तु	मट्ठा ।
महर्षभ	सांड ।
महर्षि	महरसी । बड़ा ऋषि ।
महादेव	महादे । महादेव । शिव ।
महानग्नि	महानगनी । आचरण भ्रष्ट
मह-निरष्ट	नारड़ा । नारिया ।
महाराज	महाराज़ ।
महिष	भैंस ।
मांस	माँस ।
माघ	माह । माघ महीना ।
मातुल	माँमा । मामा ।
मातृ	महतारी । माता ।
मान	अनुमान । उनमान । भार ।
माया	माया । असुर-विद्या ।
मार्ग-शीर्ष	मँगसिर । मार्गशीर्ष ।
माल्य	माला ।
माष	ससूर ।
मास	मास । म्हीन्ना । महीना ।
मित्र	मित्तर । साथी । मित्र ।
मिह्	मींह । मेंह । वर्षा ।
मूञ्ज	मूंज । सरोकी । एक घास
मुद्ग	मूंग ।
मुनि	मुनी । साधु । मुनि ।
मुष्टि	मूट्ठी । मूठी ।
मुसल	मूस्सल । मुसल् ।
मुहूर्त	मूहरत । मूहूर्त ।
मूत्र	मूत । मूत्र ।
मूर्धन्	मूंद्धा । औंधा ।
मूष्	मूस्सा । मूसा । चूहा ।
मृग	मिरग । हिरण । मृग ।
मृग शीर्ष	मंगसिर । मार्गशीर्ष महीना ।
मृत्तिका	माट्टी । माटी । मिट्टी ।
मृत्यु	मौत । मरण । मृत्यु ।
मृद्	माट्टी । मिट्टी ।
मेघ	मेघ । बादल ।
मेधा	मेधा । बुद्धि ।
मेना	मैन्ना । चतुर स्त्री ।
मेनका	मैना (पक्षी) ।
मेष	मींड्ढा । मेंढा ।
मोक्ष	मोक्ष । मुक्ति ।
मोह	मोह । ममता ।
म्लेच्छ	मलेछ । १. गंदा । २. विधर्मी ।
यजमान	जुजमान । यजमान ।
यजुर्वेद	जजुरवेद । यजुर्वेद ।
यज्ञ	जग । यज्ञ ।
यज्ञोपवीत	जनेऊ ।
यदु	जदु । यादव ।
यम	जम । यम । मृत्यु के देवता ।
यमुना	जमुना । यमुना नदी ।
यव	जौं । जौ ।
यवागू	राबड़ी । यव से बना लेह्य खाद्य पदार्थ या लप्सी ।
यशस्	जस । यश । कीर्ति ।
यष्टि	लाट्ठी । लाठी ।

यातु	जाद्दू । जादू ।
यान	बिमाण । याण । यान ।
याम	जाम । याम । काल विशेष ।
यु	जू । बैलों को जोड़ने की क्रिया ।
युक्त	जोड़ी । बैलों की जोड़ी ।
युग	जुग । काल की लबाई का प्रमाण ।
युद्ध	जुध । युद्ध ।
यूथ	झत्था । जत्था ।
येवाष	जोख ?
योक्त्र	जोत । जुताई ।
योग	जोग । जोड़ ।
योजन	जोज्जन । योजन । विशेष दूरी ।
योद्धा	जोद्धा । युद्ध करने वाला ।
योध	जोध । योद्धा ।
योनि	जोन्नी । जून्नी । योनि ।
यौवन	जोब्बन । यौवन ।
रक्षस	राकस । राक्षस ।
रजयित्री	रंगरेजणी । रंगरेज की पत्नी ।
रज्जु	नेज्जू । रस्सी ।
रज्जू-सर्प ?	जेवड़िया साँप ।
रण	रण । युद्ध ।
रथ	रथ । मरथ ।
रव	रोला । ध्वनि । शोर ।
रशना	रास । रस्सी ।
रस	रस । तरल पदार्थ ।
राजन्	राज्जा । राजा ।
राजसूय	राजसूय । एक यज्ञ ।
राज्य	राज । राज्य ।

रामा	राम्माँ । रामा । वेश्या
राशि	रास । १. ढ़ेरी । २. धन ।
राहु	राहू । एक ग्रह ।
रुद्र	रुद्दर । रुद्र । एक देव ।
रुधिर	रुधिर । लहू ।
रेणु	रेती ।
रोग	रोग ।
रोहितक	रीठड़ा । रीट्ठा ।
रोहितक	दे० रोहितक ।
लक्षण	लक्खण । लच्छण । चिह्न । आसार ।
लक्ष्मी	लिछमी । लक्ष्मी ।
लवण	नूण । नमक ।
लवन	लामणी । लामनी । फसल की कटाई का काम ।
लाक्षा	लाख ।
लाङ्गल	हल़ । हल ।
लोक	लोक ।
लोपाश	लोव्वा ? लोमड़ी ।
लोमन	रूम । रूंग । रोम ।
लोष्ठ	लोथ । १. ढेला २. भार ।
वंग	बंगाल्ला । वंगाल ।
वंश	बाँस ।
वंश	बंस बेल । वंश ।
वकल	बक्कल।
वज्र	बज्जर । बज्र १. पत्थर । २. कठोर । ३. एक अस्त्र ।
वणिज	बणज १. व्यापार १/२. वाणिज्य
वत्स	बाछड़ा । बछड़ा ।
वत्स	बचचस । वत्स १. एक ऋषि २. एक ब्राह्मण गोत्र ।
वत्सरी	बाछड़ी । बाछड़ू ।
वधू	बहू । पत्नी ।

वाध्र	वधिया । खस्सी ।
वन	वण । वन । अरण्य ।
वनस्पति	वनसपती । वनस्पति ।
वनिष्ठु	पेड्डू । मलमूत्र सरकाने वाले अवयव ।
वन्धुर	पंजारा । वाहन का वह स्थान जहाँ बैठकर वाहक वाहन चलाता है ।
वप	वोणा । वोना ।
वपा	वम्बी । वाँबी ।
वम्र	डीमक । दीमक । बंबी ।
वयस्	वड्डा । बड़ा । आयु ।
वर	बर । दूल्हा ।
वरत्रा	बरर्ही । (वाहन की रस्सी।)
वराह	वराह । सूकर ।
वराहु	दे० वराह ।
वरुण	वरुण । जल का देवता ।
वर्ण	वरण । रंग-रूप ।
वर्ण	वरण । जाति ।
वर्ण	वरण । अक्षर ।
वर्तिका	वटेर पक्षी ।
वर्त्र	वात्ता । बाँध ।
वर्ध्र	वाद्धी । । चर्म-रज्जू ।
वर्ष	बरस । वर्ष ।
वल्क	वक्कल । वृक्ष की छाल ।
वल्मीक	[डीमक । दीमक ।
वव्रि	बबरी । भारी शरीर ।
वसति	बस्ती । पुर ।
वसन्त	वसंत ।
वसिष्ठ	वसिष्ट । १. वशिष्ट ऋषि । २. एक ब्राह्मण गोत्र ।

वस्त्र	बसतर । वस्त्र ।
वह्नि	वाहता । वहन करने वाला पशु ।
वाकोवाक्य	वकवाद । वार्तालाप (तर्कयुक्त) ।
वाजिन	जाम्मण । दूध में डाली जाने वाली दही । जामन । तुल० तोड़ ।
वाणिज	वणज । बनज ।
वाणी	वाणी ।
वात	वात । वायु ।
वानप्रस्थ	वाणपरस्त । वानप्रस्थ-आश्रम ।
वाम-देव	वाम देव । भाग्य के देवता ।
